# पायनियर चेतना

e-mail. : internationalpioneers@reffimail.com, website : www.internationalpioneers.com

(नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)

(अवैतनिक) **प्रधान सम्पादक** – संतोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल) **सह सम्पादक** – पाय0 महावीर वर्मा 'मधुर' (अवैतनिक)

(अवैतनिक) **सम्पादक** – संजीव शर्मा, रामनगर (नैनीताल) पाय0 एल0सी0 अरोड़ा (अवैतनिक)

Ph.: 05947-252841

*Pioneersim, A Commitment to Humanity*

18 जून 2012 | सहयोग राशि रू0 250/–वार्षिक | अंक – 335

## पाय0 विजेन्द्र गर्ग अध्यक्ष
## अभिलाष एडवोकेट, राजीव कोषाध्यक्ष निर्वाचित



पाय0 विजेन्द्र गर्ग
अध्यक्ष



पाय0 अभिलाष
एडवोकेट



पाय0 अभिनाष बब्बर
कोषाध्यक्ष

हापुड़ । होटल सिटि हार्ट में पाय विजेन्द्र गर्ग की अप्रत्यक्षता सम्पन्न पायनियर्स क्लब हापुड़ का निर्वाचन सर्व सम्पति से किया गया जिससे पाय0 विजेन्द्र अग्रवाल अध्यक्ष, पाय0 अभिलाष एडवोकेट सचिव, पाय0 अभिनाष बब्बर कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। सतीश क्लीवाला, राम कुमार गुप्ता, डॉ0 ओम प्रकाश, डॉ0 अशोक ग्रोवर, राकेश अरोड़ा, मनोज कर्णवाल, अतुल शर्मा, अशोक कुमार एडवोकेट, भूपेन्द्र कुमार, राजीव अग्रवाल डायरेक्टर निर्वाचित हुए। इस संस्था की विशेषता यह है कि इसमें तीन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय0 राकेश अरोड़ा, पाय0 सतीश क्लीवाला तथा पाय0 मनोज कर्णवाल सदस्य बनें हैं। अध्यक्ष पाय0 विजेन्द्र गर्ग ने बनाया कि अभी संस्था अपना धन अधिक से अधिक सेवा कार्यो में खर्च करेगी। तथा महंगे होटलो में मीटिंग करने के स्थान पर सेवा कार्यो को अधिक महत्व देगी। राष्ट्रीय प्रतिनिधि के रूप में पाय0 विशन सक्सैना, अनिल बाजपेयी, महावीर वर्मा उपस्थित थें।

## सिद्धबली कोटद्वार में पिकनिक

पाय0 पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय0 एल. सी. बताया के पायनियर्स क्लब मुरादाबाद से लगभग 35 सदस्य दल ने सिद्धबली मन्दिर कोटद्वार का भ्रमण किया होटल तीर्थ में मासिक सभा आयोजित की। अभी सदस्यों ने पिकनिक का जमकर आन्नद उठाया।



राष्ट्रीय अधिवेशन की झलकियाँ

# फिर भी धरती घूम रही है ...

◆ कविता–
महावीर वर्मा
'मधुर'
मो0– 8057516622



चारों ओर उदासी है।
ये कैसी बदहवासी है
अभी अभी बरखा बरसी है,
फिर भी धरती प्यासी है।
बादल से निकल कर बिजली भी,
आवारा सी झूम रही है .
... फिर भी धरती घूम रही है..
शहर पराये से लगते हैं
काले साये से लगते हैं
लोग सभी जाने पहचाने
मगर पराये से लगते हैं,
मसली कलियों को ये तितली
ना जाने क्यों चूम रही है ..
.. फिर भी धरती घूम रही है..
खींच धरा से सारा पानी,
भूगर्भा को बाँझ किया है,
ऐसा कोई जख्म नहीं जो,
इस धरती को नहीं दिया है।
फिर भी दूर क्षितिज पर देखो
आसमान को चूम रही है..
... फिर भी धरती घूम रही है..
कब तक सहन करेगी धरती,
इतने सारे पाप तुम्हारे
कब तक मौन रहेगी माता
इतने दुख सहकर भी पगली
अपनी धुन में झूम रही है...
..फिर भी धरती घूम रही है..
अब भी अगर नहीं तुम संभले
बहुत देर तब हो जायेगी
क्या दोगे अगली पीढ़ी को,
खाक यहां जब रह जायेगी
सहकर सब अन्याय तुम्हारे..
स्वयं धुरी पर घूम रही है ..
... फिर भी धरती घूम रही है..

# हापुड़ में ठन्डे पानी की प्याऊ का शुभारम्भ





पायनियर्स क्लब पंचशील नगर द्वारा हापुड़ में भीष्म गर्मी से राहत देने के लिये ठन्डे पानी की प्याऊ का शुभारम्भ किया गया।

उक्त अवसर पर पाय0 अरूण यादव, पाय0 विशन सक्सेना, पा0 हिमांशु, पा0 प्रजर वसूल, पाय सरदार भूपेन्द्र सिंह, पाय0 निरज गर्ग, पाय0 सुनील कुमार, पाय0 हेमन्त कुमार, पाय0 सतीश, पाय0 मनोज अग्रवाल, एवं हापुड़ के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं पत्रकार उपस्थित हुए।

यह प्याऊ गर्मी भर घूम घूम कर हापुड़ के विभिन्न स्थानों पर जाकर ठन्डे पानी का विस्तारण करेगी। 1000 ली का पानी का टैंक दिन में जितनी बार भी खाली होता है पुनः ठन्डे पानी द्वारा भरा जाता है। इस गर्मी से आम लोगों को निजात दिलाने के लिए पायनियर्स क्लब का यह एक बहुत कल्याणकारी प्रयास है।

पायनियर साथियों,

बड़ी लम्बी खामोशी हो गयी है। कुछ हलचल होनी चाहिए। शाखाये जो अभी चिन्तन में लगी उन्हे तुरन्त कुछ करने की तरफ बढ़ना होगा। नवम्बर को बीते छः माह बीत गये बस छः माह ही तो और बचे है। अपने राष्ट्रीय नेतृत्व पर कुछ करने का दबाव बनाओ कही ऐसा ना हो कि इस बार भी हमे जहो के तहो रह पायें। पता चला है कि अभी तक शाखाओं के किसी कारण भी प्राप्त नही हो पाई। पहला काम यही से शुरू कर ले और सभी शाखाए अपना नवीनीकरण करा लें। चिन्तन करो और राष्ट्रीय पदाधिकारियों की चिन्तन के लिए मजबूर कर दी उनसे सवाल क्योंकि वो यह क्या है अपनी शाखाओ को जीवान्त कर दी यह कार्य दोबारा नही मिलेगा। हमारी यही सदस्यता है – पाय0 संजीव शर्मा

| | साधारण सदस्य | आजीवन सदस्यता (वार्षिक) |
|---|---|---|
| वार्षिक सदस्यता | 500 | 3000 |
| अधिवेशन शुल्क | 450 | 450 |
| चेतन्य शुल्क | 250 | 250 |
| कुल वार्षिक शुल्क | 1200 | 700 |

# राष्ट्रीय पदाधिकारी



राष्ट्रीय अध्यक्ष
पाय0 केशव प्रसाद शिवहरे



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
पाय0 के0 पी सिंह



महासचिव
सन्तोष महरोत्रा



उपमहासचिव
पाय0 अरूण मात्व



पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष
पाय0 एल0सी0 अरोड़ा



जन सम्पर्क अधिकारी
पाय0 बी0डी0 पाण्डे



कोषाध्यक्ष
(आर्टिकेक्ट) एम.एल.नेगी



जोनल चैयरमेन
पाय0 जे0के0 बाली



जोनल चैयरमेन
पाय0 बृजेन्द्र कुमार गर्ग

# नौ दिन चले अढ़ाई कोस



पायनियर बन्धुओं चेतना के अप्रैल अंक में पूर्व महासचिव पाय0 संजीव शर्मा के विचारों को पढ़कर पायनियर्स से संजीदगी से जुड़े प्रत्येक सदस्य को चिंतन करना चाहिए कि वह इस संस्था से क्यों जुड़ा है और कब तक जुड़ा रहेगा। चेतना के इसी अंक के मुखपृष्ठ पर उत्साहवर्धक समाचार पढ़ने को मिला कि हमारी संस्था के अनेकानेक पूर्व स्तम्भ हापुड़ में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपस्थित रहे, लेकिन मित्रों इस बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने केवल बीते हुए काल की चर्चा एवं एक दूसरे को सम्मानित करके ही इस महत्वपूर्ण बैठक को पूर्ण मान लिया कोई दिशा निर्देशन या आगामी कार्यक्रम की घोषणा नहीं की गई जिससे पायनियर सदस्यों को कुछ नया करने का मौका मिलता या ज्ञानवर्धक होता।

हम क्यों घुटनों पर चलते हुए दूसरों क्लबों की ओर देखते रहते हैं या उनके उदाहरण देते रहते हैं जबकि हम एक विशुद्ध सामाजिक संस्था हैं एवं हमारे शुल्क अन्य संस्थाओं के मुकाबले नगण्य हैं। साथियों प्रत्येक संस्था के कल्याणकारी कार्यों से समाज में उसकी हैसियत का पता चलता है। वृन्दावन में सम्पन्न हुए राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद आज तक संस्था की रामनगर शाखा द्वारा आयोजित बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविर के अलावा पूरे राष्ट्रीय फलक में ईमानदारी से कोई कार्य नहीं हुआ है। जैसे तैसे हापुड़ में हई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपस्थित अनेक वर्तमान व पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने अतीत से कुछ न सीखते हुए पिछले वर्ष कुछ सदस्यों/पदाधिकारियों के द्वारा मनमानी करने की कुचेष्टा पर पाबन्दी लगाने के प्रयास की पुनः चर्चा व इसके लिए रामनगर शाखा पर दोषारोपणी कर दिया और रामनगर से गये शाखा अध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों ने कोई विरोध प्रकट न करते हुए उनका समर्थन कर दिया यह दुःखद है।

हमारे पूर्व व वर्तमान राष्ट्रीय पदाधिकारियों को मेरी राय में इस वर्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महासचिव सर्वाधिक उर्जावान व सर्वश्रेष्ठ हैं। निःस्वार्थ भाव से पायनियर शाखा के विस्तार के लिए कार्य करना चाहिए। शाखा खुलने के न्यूनतम मानकों को पालन करन चाहिए तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी/अधिवेशन में पारित सभी प्रस्तावों का पालन करना चाहिए। पायनियर्स संविधान विरू( कोई कार्य नहीं करना चाहिए। यदि हम ईमानदारी से उपरोक्त कार्य करेंगे तो मेरा विश्वास है कि पार्यनियर्स फिर से बुलन्दियों पर होगा, हम समाज के समाजसेवी वर्ग को आकर्षित करने में कामयाब होंगे अन्यथा हम पिछले राष्ट्रीय अधिवेशन में जहां खड़े थे वहां से दो कदम भी न बढ़े हैं न बढ़ पायेंगे। और इस वर्ष एक और भव्य राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होकर हम फिर से एक दूसरे के ऊपर कीचड़ उछालने के कार्य में व्यस्त हो जायेंगे।

अतः संस्थापक महोदय राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय एवं समस्त पूर्व सम्मानित पदाधिकारियों से अनुरोध है कि संस्था के प्रचास प्रसार हेतु कोई कार्यक्रम प्रस्तुत करें जिससे कि पायनियरवाद व पायनियर सदस्य जिन्दा रहें वरना जैसा कि पाय0 संजीव शर्मा ने इंगित किया कि कहीं देर न हो जाय।

पाय0 राकेश अग्रवाल, रामनगर
निवर्तमान महासचिव

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दृश्य





# रामनगर में सर गंगाराम हास्पिटल दिल्ली के सहयोग से प्रायोजित मल्टी स्पेशिलिटी मेडिकल कैम्प के दृश्य













## राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष का अनुरोध

*प्रत्येक शाखा को हापुड़ राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में बिल दिये जा चुके है। अतःजिन शाखाओं नेआंशिक भुगतान किया है वह शेष भुगतान अतिशीघ्र करे तथा जिन शाखाओं का नवीनीकरण प्राप्त हो नही हुआ है वह तत्काल अपना नवीनीकरण करायें। जिन शाखाओं का गत वर्ष का नवीनीकरण बाकी हैं। वह भी कृप्या तत्काल प्रधान कार्यालय के निम्न खातों में नवीनीकरण जमा करवायें।*

खाता नं0
**International Pioneers
ORIENTAL BANK OF COMMERCE (OBC)
12112011003699**

खाता नं0
**PUNJAB NATIONAL BANK (PNB)
38800010001102**

*आर्टिटेक पाय0 एम0 एस0 नेगी*
*कोषाध्यक्ष*

## राष्ट्रीय अध्यक्ष की कलम से...........



प्रिय पायनियर्स, सादर अभिवादन !

आशा है कि आप सभी कुशलता पूर्वक रहते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में लिये गये संकल्प को पूरी निष्ठा के साथ पूरा कर रहे होंगे। सभी शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव व अन्य पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि आप लोग टीम भावना से कार्य करते हुए सभी सदस्यों का मनोबल बढ़ाये कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सामाजिक कार्यों की नई मिसाल पेश कर सकें। वर्तमान में दिल्ली शाखा की कोई भी सहभागिता न होने के कारण वहां की स्थिति स्पष्ट नहीं है इस सम्बन्ध में वरिष्ठ पायनियर श्री कर्मवीर तायल जी एवं श्री सुरेन्द्र जी ,प्रधान जीद्ध से अनुरोध है कि वे दिल्ली शाखा को पूर्व की भांति गतिशील बनाने का कष्ट करें। इस समय किसी भी शाखा की प्रगति आख्या मुख्यालय नहीं भेजी जा रही है साथ ही राष्ट्रीय पदाधिकारी भी भीषण गर्मी के चलते अपने अपने दायित्वों के प्रति कम सजग है। अतः एवं सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपनी नजदीक शाखाओं से प्रत्येक दशा में संवाद बनाए रखे ताकि समाज सेवा जैसा पुनीत कार्य निरन्तर गतिशील रहे। शाखाओं को पौशाला, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर आदि शिविरों में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जिन शाखाओं का कोई भी शुल्क देय हो तो कृपया मुख्यालय भिजवाने का कष्ट करें। पुनः आप सभी से अपेक्षा है कि हम सभी बिना किसी भेदभाव, मान-सम्मान व प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए पॉयनिरवाद की जड़ों को मजबूत करें।

धन्यवाद!

## होम्योपैथिक चिकित्सालय प्रगति के पथपर

रामनगर पायनियर्स द्वारा संचालित स्वामी परमानन्द पायनियर्स धमार्थ होम्योपैथिक चिकित्सालय रामनगर तथा राजरानी मेहरोत्रा होम्योपैथिक चिकित्सालय पीरूमदारा में मरीजो की संस्था में वृद्धि हो रही है। प्रबन्धक संजीव शर्मा ने बताया शीघ्र पीरूमदारा नैनीताल स्थिति होम्योपैथिक चिकित्सालय का जीर्णोधार किया जायेगा तथा उसके लिये एम एस नेगी को प्राधिकृत दिया गया है।

## “एक विचार मंथन के लिए”



आदरणीय पायनियर्स बंधुओं, सादर प्रणाम!

पायनियर चेतना का गत अंक आपने देखा होगा जिसमें माननीय संजीव शर्मा जी पूर्व राष्ट्रीय महासचिव का पत्र आपने अवश्य पढ़ा होगा। मुझे अत्यन्त आश्चर्य हुआ कि देश का सर्वश्रेष्ठ पायनियर्स का खिताब जीते अभी कुछ माह हो हुऐ है। हमें अच्छी तरह स्मरण है कि ब्रन्दावन सम्मेलन में जिन्हे देश का सर्वश्रेष्ठ पायनियर्स के खिताब से नवाजा गया वो इतना अग्रभ्रमित है कि पायनियर्स के उद्देश्य के लिए दिशा निर्देश चाहते है। और आज भी यह अपेक्षा करते है कि क्लब के संस्थापक उन्हे बताये कि क्लब के विकास के लिए क्या करना है। निःशुल्क सदस्यता प्रदान करने के सुझाव देते समय शायद वो भूल गये कि पायनियर एक क्लब है ना कि कोई राजनीतिक पार्टी जहाँ सदस्य संख्या के बल पर सत्ता का खेल खेला जाये। हमे भीड़ की नही समपर्ण की आवश्यकता है जो आपसी प्रेम व सहयोग की भावना से समाज की कुछ सेवा कर सकें। क्लब पहले से ही आर्थिक संकट में है। मुझे एक कथा स्मरण आती है कि श्रीराम नल और नील के साथ समाज वानर सेवा के सहयोग से समुन्द्र पर सेतु निमार्ण करा रहे थे। वे जल्द से जल्द इस कार्य को पूर्ण कर लंका पर आक्रमण कर माता सीता को छुड़ाना चाहते थे। रात-दिन सेतु निमार्ण का कार्य चल रहा था। तभी कुछ लोगो का ध्यान एक गिलहरी की ओर गया। उन्होने देखा कि एक गिलहरी समुन्द्र के पानी में डुबकी लगाती और भीगें शरीर से किनारे आकर रेंत में लोटने लगती और वापिस समुन्द्र में डुबकी लगाती ऐसा उसे निरन्तर बार-बार करते देख वहाँ खड़े वानरों को बड़ा आश्चर्य होता कि यह गिलहरी क्या कर रही है। उन्होने भगवान श्री राम से पूछा कि प्रभु यह गिलहरी बार-बार समुन्द्र में भींगती है और बार-बार रेत पर लोट कर समुन्द्र में डुबकी लगाने लगती है। तब श्री राम ने कहा कि हे वानर ये सेतु निमार्ण में अपनी पूरी निष्ठा और क्षमता से सहयोग कर रही है। ये समुन्द्र के किनारे से अपने शरीर से रेत उठाकर सेतु निमार्ण में अपना श्रमदान कर रही है। ज़रा सोचों सौ योजन लम्बे इस सेतु निमार्ण में कितनी रेत उस गिलहरी ने डाली होगी। किन्तु उसका श्रम नल और नील सहित किसी भी वानर से कम नही था। क्योकि उनसे अपनी पूर्ण क्षमता और निष्ठा से सेतु निमार्ण में सहयोग किया था। आज पायनियर को भी ऐसी ही गिलहरियों की आवश्यकता है जो अपनी पूर्ण निष्ठा और क्षमता से कार्य करें। ना कि नकारात्मक संदेश देकर पायनियर संस्था को कमजोर करें। मैं एक प्रश्न इस पायनियर्स चेतना के माध्यम से पूछना चाहता हूँ कि पायनियर क्लब का गठन रामनगर में हुआ पायनियर का मुख्यालय रामनगर में है। क्लब के संरक्षक, राष्ट्रीय सचिव व कोषाध्यक्ष के पदाधिकारी हमेशा रामनगर से ही होते हैं। फिर आज तक रामनगर में इसकी दूसरी शाखा का गठन क्यो नही हुआ? रामनगर व उसके आसपास के शहरों में पायनियर शाखाओं का विस्तार क्यो नही हुआ। क्यों रामनगर शाखा हमेंशा विवादों में बनी रहना चाहती है? क्यों मुख्यालय की शाखा में गॉडफादर बनने की होड है। यदि हम सभी दिल से पायनियर है तो हमारा कर्तव्य है कि हम आपसी सहयोग और भाईचारे को बढ़ावा दें तथा समाज के कुछ काम आ सकें। मुख्यालय शाखा में एक मिसाल बनकर हमारी जैसी शाखाओं का मार्गदर्शन करना चाहिए। ना कि विचारहीन नेतृत्व देना चाहिए।

ऐसा प्रतीत होता है कि रामनगर शाखा आपसी गुटवाजी की शिकार हो गई है तथा अपने मूल उद्देश्यों से भटक कर अहम की लड़ाई में व्यवस्त है। मैं इस पत्र के माध्यम से सभी पायनियर्स बन्धुओं एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय से अनुरोध करूंगा कि इस स्थिति पर गम्भीरता से विचार करें। यदि कोई समस्या हो तो उसे शीघ्र निराकरण कर पायनियर के विकास में सहयोग दें।

मुस्कुराती सुबह के लिए इस स्याह रात को,
वक्त आ गया है कह दो अलविदा!!
ये सुलगते मसले खुद व खुद, हल हो जायेंगें।
जेहनियत से अपने-अपने सियासत को कह दो अलविदा!!

और अंत में मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष से अनुरोध करूंगा कि वो रामनगर शाखा की साधारण सभा का आयोजन कर इस गुटबाजी को समाप्त करायें। यदि पायनियर के विकास एवं विस्तार के लिए कुछ कठोर कदम उठाने हो तो निःसंकोच निर्णय लें। गॉडफादरों को विदा देने का समय आ गया है।

सभी का आभार सहित आपका
बिशन सक्सैना-अध्यक्ष
पायनियर पंचशीलनगर (हापुड़) शाखा







**Wholesaler & Supplier**

**MEHROTRA SPORTS**

**An ISO 9001:2008 Certified Company**

Merk, Rencom, Glaxo Chemical, Lab Equipments & Glass Wares
Sports Goods, Sports Cups, Shield Medals, Trophies, Badges, Sports Shoes, Sports Wear
Musical Instruments, Track Suit, Morning Walker

**Auhtorised Dealer :**
NIVIA, BDM, STAG, JONEX, METCO, VIRLOX, DIXON, S.G. WINN RACKETS, NELCO

**Nanda Line, Ramnagar (Nainital) Uttarakhand**
Fax : 05947-251536, Ph : 05947-251056, Mob.: 9837947383, 9897122394
E-Mail : mehrotra_sports@rediffmail.com